आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 05.09.2020

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, में दिनांक 01 सितंबर 2020 से 14 सितंबर 2020 तक राजभाषा पखवाड़ा–2020 का आयोजन किया जा रहा है।

राजभाषा पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में दिनांक 05.09. 2020 को आरेडिका स्थित 'आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी' पुस्तकालय में **'कोरोना महामारी के दौरान स्वच्छता की प्रासंगिकता' विषय पर निबन्ध लेखन एवं तकनीकी शब्दावली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।** इस प्रतियोगिता में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए आरेडिका के लगभग 45–50 कर्मचारियों ने भाग लिया । प्रतियोगिता के दौरान मास्क की अनिवार्यता, सोशल डिस्टेंसिग एवं सेनिटाइजेशन आदि का पूर्णतया अनुपालन किया गया ।

इस प्रतियोगिता का आयोजन आरेडिका के मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री एम. के. अग्रवाल एवं राजभाषा अधिकारी श्री नीरज श्रीवास्तव कि देख–रेख में संपन्न हुआ।

05/09/2020

(वी.के. दूबे)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी